श्याम सांवरा आ गया | by Tezz Rajput

ना खाटू जाता था ना कीर्तन करता था
ना ज्योत जलाता था ना भजन सुनाता था
बातें बनाता था हर ग़म छुपाता था
न मुस्कुराता था दुनिया से हारा था ....

श्याम सांवरा मेरे घर आ गया
आने से उसके आने से घर रोशन हो गया
श्याम सांवरा.............
आ गया आ गया सांवरा आ गया
मेरा बाबा शीश का दानी सांवरा आ गया

जो ना हुआ है वो अब हो रहा है
कभी जो न सोचा वो सब हो रहा है
बाबा को मैंने भी जी भर के देखा
बदलने लगी मेरे हाथों की रेखा
अब मैं तुम्हे और क्या क्या बताऊँ
कैसे कहूं इसने क्या क्या दिया
श्याम सांवरा ....

कोई कमी हो मुझे माफ़ करना
गलती को मेरी ना तुम ध्यान धरना
आते रहो बाबा तुम घर मेरे
सेवा करूँ तेरी आठों पहर में
चरणों की सेवा में नागर को रखना
दरबार तेरा मुझे भा गया
श्याम सांवरा ....
श्याम सांवरा मेरे घर आ गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-tezz-rajput/